हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 3 अगस्त 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



## पेंड्रावन जलाशय में 13 फीट जलभराव...

**बंगोली।** ग्राम बंगोली पेंड्रावन जलाशय मे अब तक 13 फीट पानी का जलभराव हुआ है। उक्त जलाशय से कुल 11 गांव के कृषि भूमि सिंचित होती है। जलाशय के भरने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है क्यों कि पेंड्रावन जलाशय मे पर्याप्त जलभराव होने से कृषि कार्य व अन्न धान की उत्पादन में कभी कोई कमी नहीं होती। क्षेत्र के किसानों ने आज तक उपज से अधिक पैदावारी की है। यह पेंड्रावन जलाशय किसानों के लिए जीवनदायिनी है।

### खबर संक्षेप



## त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता : टीआई

लवन। लवन थाना के नवपदस्थ थाना प्रभारी अश्वनी सिन्हा ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी। थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने नवपदस्थ थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उनसे निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिस व्यवस्था की अपेक्षा जताई।

### तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी, 6 महीने में ही जगह-जगह गड्ढे

# पहली बारिश में उखड़ा 4 करोड़ का गिरसा-किसड़ा मार्ग, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोपालपुर

कभी कीचड़ और धूल से परेशान रहने वाले गिरसा-किसड़ा मार्ग के ग्रामीणों ने जब नई सड़क बनते देखी तो लगा कि वर्षों की परेशानी अब खत्म हो गई। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 12-13 किलोमीटर लंबी सड़क क्षेत्रवासियों के लिए विकास की नई उम्मीद लेकर आई थी। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकी। सड़क बनने के महज 6-7 महीने बाद ही इसकी हालत देखकर लोग हैरान हैं। पहली ही बारिश ने सड़क की मजबूती की असलियत सामने ला दी है। जगह-जगह डामर उखड़ चुका है, गहरे गड्ढे बन गए हैं और उनमें पानी भर गया है। ऐसा लग रहा है मानो सड़क वर्षों पुरानी हो, जबकि इसे बने अभी कुछ ही महीने हुए हैं। सवाल यह है कि क्या करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क इतनी कमजोर बनाई गई कि पहली ही बारिश में जवाब दे गई? यदि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ होता, तो इतनी कम अवधि में सड़क की यह दुर्दशा शायद ही देखने को मिलती। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण किया होता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। लोगों का कहना है कि सड़क पर बने ये गड्ढे केवल टूटी हुई सड़क नहीं, बल्कि निर्माण व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह मार्ग रोजाना दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। सड़क पर बने गड्ढे किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो सकती है।



### सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए

अब क्षेत्रवासियों की मांग है कि पूरे सड़क निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, गुणवत्ता की जांच हो, यदि कहीं अनियमितता या लापरवाही पाई जाए तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी यदि सड़क पहली ही बारिश में टूटने लगे, तो यह केवल एक सड़क का मामला नहीं, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे के उपयोग और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठता एक बड़ा सवाल है। इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि वास्तविक कारण सामने आ सके।

## मोहतरा स्कूल के छात्रों का कबड्डी में जिला स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

स्कूल शिक्षा विभाग के वार्षिक कैलेंडर के अंतर्गत आयोजित विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र सौरभ पैकरा, नमन, कवि सोनवानी, चंद्रहास, दुर्गेश सम्राट एवं अरमान ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका चयन जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा चयनित खिलाड़ियों का मेडल एवं विद्यार्थी जीवन के सबसे महत्वपूर्ण उपकरण कलम भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य चूड़ामणि साहू ने से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इनमें राजू बसौड़, देवेंद्र खूंटे, फुलवा खूंटे, कुसुम जायसवाल, उर्वशी मोहन, हेमलता दुबे, शशिकला साहू, नेतराम केवट, दिलीप साहू तथा साधना राकेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गौरव सहसंयोजक व आदित्य बने जिला कार्यकारिणी सदस्य



**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल रायपुर ग्रामीण की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला संयोजक हितेश मंडाई द्वारा जारी सूची में तिल्दा-नेवरा के दो कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार गौरव केशरवानी (तिल्दा) को सहसंयोजक बनाया गया है, जबकि आदित्य तिवारी (तिल्दा) को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी ▸▸ शेष पेज 11 पर

## समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत : शिवरतन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, भाटापारा में विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा प्रभारी प्रहलाद रजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसकी वास्तविक ताकत हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने पर हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि सशक्त संगठन ही विकसित राष्ट्र और जनसेवा का मजबूत आधार है। एक मजबूत संगठन के माध्यम से ही हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचा सकते हैं। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक ले जाना ही हमारा संकल्प है। वहीं विधानसभा प्रभारी प्रहलाद रजक ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के बिना कोई भी दल जनता की सेवा नहीं कर सकता। उन्होंने आगामी सदस्यता संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल ▸▸ शेष पेज 11 पर

## लवन पुलिस की तत्परता से 24 घंटे में 9 वर्षीय पुत्र सहित गुम महिला सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आम नागरिकों एवं महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में लवन पुलिस द्वारा संवेदनशीलता व तत्परता की एक मिसाल पेश की गई है। थाना लवन क्षेत्रांतर्गत ग्राम से अचानक लापता हुई महिला एवं उसके 09 वर्षीय मासूम बेटे को पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं परिजनों से काउंसलिंग के उपरांत दोनों को सुरक्षित उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर अपने परिजनों को सुरक्षित पाकर परिवार के सदस्यों की आंखें खुशी से भर आईं। परिजनों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने थाना लवन पुलिस की त्वरित कार्यशैली, संवेदनशीलता की भूरि-भूरि सराहना करते हुए पुलिस का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### कुछ घंटों में मिली सफलत

रात में मिली सूचना, तत्काल हरकत में आई पुलिस- दिनांक 01.08.2026 की रात्रि लगभग 11:00 बजे थाना लवन में सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र के ग्राम की एक महिला अपने 09 वर्ष के पुत्र के साथ बिना बताए कहीं चली गई है और लापता है। रात का समय और मासूम बच्चे की मौजूदगी को देखते हुए मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया। थाना लवन पुलिस द्वारा बिना कोई समय गंवाए तत्काल खोजबीन अभियान प्रारंभ किया गया। पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों, सार्वजनिक स्थलों व तकनीकी माध्यमों की मदद से लगातार की गई सघन पतासाजी के परिणामस्वरूप दिनांक 2 अगस्त को उक्त महिला एवं उसके 09 वर्षीय पुत्र को सकुशल खोज निकाला गया। तत्पश्चात दिनांक 02अगस्त को दोपहर 02:00 बजे थाना लवन में मां-बेटे को लाकर विधिवत दस्तयाबी (दस्तयाब पंचनामा) की कार्रवाई संपन्न की गई।




### बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में उपभोक्ताओं से आवेदन भरवाए

# महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का घर-घर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ में महंगी बिजली दरों और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस के तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत रविवार को तिल्दा नेवरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं से आवेदन भरवाए। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर हटाने और बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए सरकार पर जनता की आवाज दबाने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 1 से 3 अगस्त तक चल रहे आंदोलन के दूसरे दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 19, 20 और 21 में जनसंपर्क ▸▸ शेष पेज 11 पर

### गरीब परिवारों का मासिक बजट प्रभावित

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में अधिक बिल मिल रहे हैं। इससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर लगातार जनता के बीच जा रही है और सरकार पर जनहित में निर्णय लेने का दबाव बनाएगी। वहीं कांग्रेस नेता नीरज राठी ने आरोप लगाया कि सरकार ने घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी कर आम परिवारों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद मनमानी बिलिंग और पारदर्शिता की कमी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, इसलिए कांग्रेस इस मुद्दे पर जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

# अच्छी बारिश से खिले किसान के चेहरे, खेती-किसानी कार्य में आई तेजी




**बिरकोनी।** हाल ही में झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। अब खेती किसानी कार्य में तेजी आई है। जून के दूसरे सप्ताह में थरहा लगा चुके किसान अब धान पौधे का बंडल बांध कर रोपा लगाने की तैयारी में हैं। सीधे बोआई करने वाले किसान रोटोंटर से मताई, जोताई कर बोआई कर रहे हैं। पहले सावन की बारिश से किसान बोआई करते थे। आषाढ़ के मूसलाधार बारिश से खेती कार्य में तेजी आई है, जो जून में बोआई किए है उन किसानों का फसल एक माह बाद बियासी करने लायक हो जाएगा। ज़्यादा बारिश होने से कई किसान के खेत में पानी भर गया है। पानी निकलने का इंतजार कर रहे है। वही जिसका बीज बारिश के पानी से बह चुका है, और अब दूसरी बार बोआई कर रहे है। इस बारिश से कई किसानों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा है। नाली से लगे खेत में पत्थर व मुरुम बहकर आने से खेत साफ कर रहे है। अभी अनुकूल समय होने के कारण रोपा लगाने से ज्यादा बोआई कर रहे हैं। क्षेत्र के बरबसपुर, बड़गांव, अछरीडीह, परसवानी, बिरकोनी सहित क्षेत्र में रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है।

## खबर संक्षेप



### सावन महीने में रोज हो रहा रामायण, भजन-कीर्तन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना में रोज रामायण व भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं महिलाएं राम मंदिर में महादेव की विशेष आराधना कर रही हैं। मान्यता है कि इस महीने में शिव की उपासना कर उन्हें जल्दी प्रसन्न किया जा सकता है। सावन में जितना शिव उपासना का महत्वपूर्ण है, उतनी ही मायने रखती है सावन में भगवान राम की पूजा। शास्त्रों में कहा गया है कि जहां शिव की पूजा होती है, वहां राम प्रसन्न होते हैं, जहां राम पूजा किया जाते हैं वहां शिव भी प्रसन्न हो जाते हैं।



### गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने ली दीक्षा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के राम-जानकी मंदिर में आस्था, श्रद्धा और सादगी के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। सुबह शिष्यों द्वारा परंपरा अनुसार पूजा अर्चना कर वेद मंत्रों का जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और नित्य पूजा के बाद आरती की। आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज के सानिध्य से वैदिक मंत्रोच्चार से भक्त द्वारा विधि विधान से तिलक लगाकर आरती उतारी व दीक्षा ली गई। इस दौरान ग्राम और बाहर के शिष्यों ने गुरु से दीक्षा ली। गुरु की फूलों से सजे हार व गुलाल लगाकर स्वागत किया। आचार्य ने बताया कि आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष को गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। सनातन धर्म अनुयायियों ने अपने गुरुदेव की कृपा प्राप्त करने के लिए मंदिर व घरों में उसकी आराधना करते है गुरु शिष्य की प्रेम त्याग समर्पण ही सत्य के मार्ग में चलने की प्रेरणा देते है जो आत्मा से परमात्म का मिलन है। लोग ने गुरु की आराधना और वंदना कर स्वास्थ्य व सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही।

**आयोजन :** जिला पंचायत में नशामुक्त युवा और विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

# युवाओं की पहचान नशे से नहीं, बल्कि उनके कौशल और प्रतिभा से : मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




**नशामुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियानः युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प**

जिला पंचायत सभागार में नशामुक्त युवा और विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा संदेश प्रसारित किया गया, जिसे सभी के द्वारा श्रवण किया गया। जिसके उपरांत सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं युवाओं ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छग बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सरला कोसरिया, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जिला स्काउट-गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महेंद्र सिक्का, राहुल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद तथा माय भारत, समाज कल्याण, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने कहा कि युवाओं की पहचान नशे से नहीं, बल्कि उनके कौशल और प्रतिभा से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लगभग 100 दिनों तक चलने वाला जन-जागरूकता अभियान है। भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा नवाचार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता में लगाएंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई में युवाओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इसे जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि संत गुरु घासीदास द्वारा नशा मुक्ति के बताये गए मार्ग को अपनाने का आह्वान भी किया और कहा कि जिनकी आनी,बानी अच्छा रहेगा उनकी सियानी भी ठीक रहेगा।

कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज देशभर के लगभग 10 हजार संस्थानों में युवा नशामुक्ति का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार जिज्ञासा के कारण शुरू हुआ नशा धीरे-धीरे लत बन जाता है और व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है। स्वस्थ युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली अपनानी चाहिए। छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है कि वे खुद को नशे से दूर रखे। आने वाला भविष्य उनका है। युवा शक्ति ही देश को नशा मुक्त बना सकता है।

कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान और अधिक प्रभावी बनेगा। राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के तन, मन और पूरे जीवन तंत्र को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। जिला स्काउट-गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों और राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा ही नाश की जड़ है, इसलिए प्रत्येक युवा नशे का बहिष्कार करने का संकल्प लें। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानपाठकों व प्राचार्यों की सर्वसम्मति से संकुल केंद्र खट्टा के समन्वयक बने गेंदलाल कोकड़िया

## सबके साथ समन्वय बिठाना समन्वयक का कामः गेंदलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संकुल केंद्र खट्टा में अब नए संकुल समन्वयक के रूप में चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया कार्य करेंगे। खट्टा संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानपाठकों, शिक्षकों, संकुल प्राचार्य लिकेश कुमार साहू, पूर्व समन्वयक सुरेश कुमार साहू व वरिष्ठ शिक्षक ओमनारायण शर्मा ने गेंदलाल का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी शिक्षकों व प्रधानपाठकों ने सर्वसम्मति से सर्वमत से समर्थन किया है। कोकडिया ने सभी शिक्षकों को जीवन विद्या अध्ययन, चेतना विकास मूल्य शिक्षा, बच्चों के स्वच्छता, संबोधन, सहयोग, आज्ञापालन, नियंत्रण, अनुशासन, स्वानुशासन के साथ-साथ शिक्षकों को चेतना विकास मूल्य शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्य योजना बनाने का आग्रह किया। डेली डायरी, नियमित उपस्थिति अनमोल वचन, बच्चों के स्वच्छता व मानसिक स्वास्थ्य पर बच्चों से संवाद करने का आग्रह किया है, जहां दूसरे संकुलों में समन्वयक बनने के लिए खींचतान होते रहता है, वैसे में संकुल खट्टा के शिक्षकों ने निर्विरोध समन्वयक चयन कर न सिर्फ दूसरे संकुलों को अपितु प्रजातांत्रिक जनप्रतिनिधियों को संदेश दिया कि अच्छे काम का समर्थन करने वालों को सबका समर्थन प्राप्त होता है।

# फसल बीमा की अंतिम तिथि 14 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026 के लिए किसानों को बड़ी राहत देते हुए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 14 अगस्त 2026 कर दी गई है। इससे ऐसे किसान, जो निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा नहीं करा सके थे, अब अतिरिक्त समय का लाभ उठाकर योजना से जुड़ सकेंगे।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में ग्राम स्तर पर धान सिंचित, असिंचित, मक्का एवं सोयाबीन तथा राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। किसानों को इन फसलों का बीमा निर्धारित प्रीमियम पर कराने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करना होगा। धान (सिंचित) के लिए प्रति हेक्टेयर 66 हजार की बीमित राशि पर 1,320, धान (असिंचित) के लिए 49,500 पर 990, मक्का के लिए 50,600 पर 1,012, सोयाबीन के लिए 48,400 पर 968 तथा मूंगफली के लिए 51,700 की बीमित राशि पर 1,034 प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार अरहर के लिए 46,200 की बीमित राशि पर 924, मूंग एवं उड़द के लिए 27,500 की बीमित राशि पर 550-550, कोदो के लिए 19,800 पर 396, कुटकी के लिए 20,900 पर 418 तथा रागी के लिए 18,700 की बीमित राशि पर 374 प्रति हेक्टेयर कृषक प्रीमियम निर्धारित किया गया है। उपसंचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व अपने निकटतम बैंक, सहकारी समिति अथवा लोक सेवा केंद्र (सीएससी) में संपर्क कर फसल बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके।

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी में अभनपुर में चला स्वच्छता अभियान

**सरोना।** विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर सरोना तहसील के ग्राम अभनपुर में तैयारियां तेज हो गई हैं। गोंडवाना दिवस के अवसर पर गोंडवाना ध्वज फहराए जाने वाले स्थल एवं आसपास के परिसर में ग्रामीणों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। सुबह से ही जनप्रतिनिधि, शिक्षक, युवा एवं ग्रामीण श्रमदान के लिए एकत्र हुए और ध्वज स्थल, सड़क, मैदान तथा सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की। ग्रामीणों ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, इतिहास और पहचान का प्रतीक है। इस अवसर पर गोंडवाना ध्वज फहराने के साथ समाज की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

**नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत शपथ अभियान का सीधा प्रसारण देखा**

# नशामुक्त भारत के संकल्प के लिए दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के उद्देश्य को साकार करने के लिए शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ 2 अगस्त 2026 को किया गया। अभियान के शुभारंभ के पश्चात प्रधानमंत्री का देशव्यापी संबोधन प्रसारित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ की शुरुआत उत्तर प्रदेश के काशी से एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी। इसके बाद पूरे देश में करोड़ों लोग कंधे से कंधा मिलाकर इस अभियान से जुड़ते गए। अंत में सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रव्यापी शपथ ग्रहण कर नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि संदीप दीवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है। इसकी धरोहर को आगे ले जाना युवाओं की जिम्मेदारी है। इसलिए युवाओं को नशा जैसी गंभीर सामाजिक बुराइयों से दूर रहना चाहिए एवं दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज की एक बड़ी सामाजिक बुराई है। इसकी रोकथाम के लिए महाविद्यालय हमेशा तत्पर रहेगा, इसका आश्वासन उन्होंने अतिथियों को दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना की महासमुंद जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी ने आभार प्रदर्शन एवं मंच संचालन प्रो. राजेश्वरी सोनी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, केशरचंद्र बनपाल, दिलीप कुमार बढ़ाई, दिलीप लहरे, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, टीकम साहू, पूजा यादव, मिलाप सिंह ध्रुव, सौरभ साहू, मनीष साहू, डेमन लाल साहू, राकेश जांगड़े, मुकेश पेंदरिया सहित अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ महासमुंद ब्लॉक की राष्ट्रीय सेवा योजना की आठ इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी एवं लगभग 300 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। सभी ने नशामुक्त भारत के संकल्प की शपथ ली। महाविद्यालय से कार्यक्रम अधिकारी के रूप में राजेश्वरी सोनी और आशुतोष पुरी गोस्वामी उपस्थित रहे। इसके अलावा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय से डॉ. सरस्वती वर्मा, श्याम बालाजी कॉलेज से निर्मल बंजारे, इंडियन कॉलेज से चुम्मन लाल निषाद, शांतिबाई महाविद्यालय से गायत्री चंद्राकर, गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल से अनीता वंजारी भी कार्यक्रम में भाग लिए।

### नए-नए अपराधों के प्रति आमजनों को जागरूक करने की एक मुहिम है नवा बिहान अभियान

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस द्वारा आम जनता को सचेत, सतर्क और जागरूक करने के लिए पूरे जिले में नवा बिहान अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम सार्वजनिक जगहों जैसे हाट-बाजार, स्कूल-कॉलेज, बस स्टैंड, बैंकों, चौराहों और गली-मोहल्लों में सीधे लोगों के बीच पहुंच रही है। वहां नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने, सोशल मीडिया को सुरक्षित रखने, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने और आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की जानकारी दी जा रही है। साथ ही आपातकालीन सेवाओं, नशामुक्ति के संदेश और गौ-तस्करी की रोकथाम जैसे गंभीर मुद्दों पर भी लोगों को जागरूक कर एक सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नवा बिहान कैंपेन के तहत गत सप्ताह जिले के ग्राम भंवरपुर, ग्राम तेन्दूकोना, ग्राम भुरकोनी चौकी बुंदेली, ग्राम छुईपाली, शासकीय हाईस्कूल पैकिन व सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल ग्राम बटकी थाना सिंघोड़ा, ग्राम बावनकेरा व स्वामी आत्मानंद स्कुल पटेवा, ग्राम टुहलू, खल्लारी एवं ग्राम किशनपुर थाना पिथौरा में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया, ग्राम क्षेत्रों के आम जनता को, साइबर जागरुकता, अभिव्यक्ति ऐप, नशा मुक्ति अभियान महिला संबंधी अपराध एवं यातायात सुरक्षा की जानकारी दी गई। पुलिस के जन-जागरूकता अभियान में 700 से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से नशा छोड़ने और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की। पुलिस ने समझाया कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन में किया कॉल, महज दो दिन में ही पूनम को मिला नया नंबर प्लेट

**महासमुंद**। आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन लगातार प्रभावी साबित हो रही है। शासन की इस जनहितकारी व्यवस्था के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम बम्हनीडीह निवासी पूनम साहू को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराने के मात्र दो दिन के भीतर ही उनकी कार के लिए नई नंबर प्लेट उपलब्ध करा दी गई। पूनम ने बताया कि नंबर प्लेट नहीं मिलने से उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होते ही जिला परिवहन विभाग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज दो दिनों में नई नंबर प्लेट उपलब्ध करा दी। साहू ने कहा कि इतनी जल्दी समस्या का समाधान होने की उन्हें उम्मीद नहीं थी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की प्रभावी व्यवस्था और जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती




**महासमुंद**। विद्यालय में महान साहित्यकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर ओजस्वी एवं तुषार ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन की आत्मकथा, साहित्यिक योगदान तथा उनकी प्रसिद्ध रचनाओं पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। उनकी अमर कहानियों ईदगाह, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा तथा नमक का दरोगा के प्रेरक प्रसंगों का वाचन के प्रस्तुति के माध्यम से उनके आदर्शों को जीवंत किया। विद्यालय में कहानी वाचन, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य एम निवासन राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद का साहित्य सामाजिक समानता, मानवीय संवेदनाओं, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों का सशक्त संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से श्रेष्ठ साहित्य पढ़ने तथा अपने जीवन में प्रेमचंद के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### समर्पित कार्यकर्ता ही...

बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश तिवारी, अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष द्वय केजूराम बघेल, सुनील यदु सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### महंगी बिजली और ...

अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर हटाने और बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में आवेदन एवं फॉर्म भरवाए।अभियान में सुनील सोनी, दिलीप देवांगन, के कृष्णा मूर्ति, नीरज राठी, गोवर्धन यदु, लाला शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गौरव सहसंयोजक ...

गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक (आईटी सेल) सुनील पिल्लई के निर्देश तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग की अनुशंसा पर की गई है।

# रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा श्रावण मास में आयोजित रूद्राभिषेक एवं हवन पूजन के चतुर्थ दिवस रविवार को कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। उन्होंने रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति तथा समस्त नागरिकों के कल्याण की कामना की। इससे पहले विधायक कार्यालय आगमन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनका स्वागत, अभिनंदन किया। साथ ही उपस्थित भाजपा नेताओं ने भी उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात वे पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजन-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक एवं हवन हुआ। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं में धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सामाजिक समरसता तथा आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से मुलाकात करते हुए मंत्री ने सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का दायित्व है। इसके पश्चात विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ कुछ विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी की।






### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा जिला मंत्री मनीष बंसल, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा नेतागण हरवंश सिंह (नानू भाई), अरविंद प्रहरे, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, राजेंद्र चंद्राकर, मैना कोसले, दिनेश रूपरेला, पीयूष साहू, राकेश सचदेवा, शुभम बाघ, सारिका यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन

# नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्याम बालाजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के लिए कुल आठ प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, कविता, चित्रकला, लघु फिल्म, लोकगीत, लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटक शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात विभाग के उपनिरीक्षक राम भजन सिन्हा ने युवाओं को नशे से दूर रहने, जीवन में अनुशासन अपनाने और यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। श्याम बालाजी महाविद्यालय की डायरेक्टर तारा चंद्राकर ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। आरक्षक महेंद्र दीवान ने नशामुक्ति पर विशेष जानकारी दी। माय भारत की जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और माय भारत के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अंश दिव्य चंद्राकर, गुलाब साहू और वर्मा की विशेष उपस्थिति भी रही।



प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए जिले के प्रबुद्धजनों को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिनमें सुरेंद्र मानिकपुरी, अविनाश वानी, विनोद अग्रवाल, एके अजगर, सेवन दास मानिकपुरी, निर्मल बंजारे, डॉ. उमा चौधरी, मीना राजपूत, योगिता, शीतल साहू, टोपलाल, नारायण चक्रधारी, हेमंत पाइक और नीलम कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डिंपल डडसेना ने किया। इस दौरान स्वयंसेवक डिंपल डडसेना ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति और सुंदर पद (काव्य/पंक्तियां) कहकर सभी का मन मोह लिया और अपनी बेहतरीन कला से उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लोकगीत में प्रथम हमरपुर युवा यूथ क्लब, द्वितीय भावेश साहू एवं साथी, तृतीय लिप्सा एवं साथी। नुक्कड़ नाटक में प्रथम नीतू एवं साथी, द्वितीय भूपेंद्र धीवर एवं साथी, तृतीय लीना साहू एवं साथी। वाद-विवाद में प्रथम कमल नारायण प्रिय, द्वितीय रितु साहू, तृतीय प्रिय दर्शन। लोक नृत्य में प्रथम जयलाल यादव एवं साथी, द्वितीय मोनिका एवं साथी, तृतीय एवं संथी। कविता / स्लेम पोएट्री में प्रथम जयश्री बरीहा, द्वितीय डिंपल डडसेना, तृतीय सुनील कुमार। स्लोगन लेखन में प्रथम सस्मित मांझी, द्वितीय भाग्यश्री, तृतीय प्रियंसा निषाद। चित्रकला में प्रथम विमला, द्वितीय हेमांगिनी, तृतीय निक्की। लघु फिल्म में प्रथम अनुश्री अग्रवाल, द्वितीय श्याम बालाजी कॉलेज, तृतीय दीपक यादव रहे।

सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभाशाली युवाओं को अब आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम के संचालन में माय भारत के स्वयंसेवकों डिंपल डड़सेना, गुंजा, शिवानी साहू और अमन साहू, राजेश कनौजिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में अशोक चक्रधारी ने आभार व्यक्त किया।

## मनाई स्वतंत्रता सेनानी पं. रविशंकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती



**महासमुंद**। जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित रविशंकर शुक्ल और उनके सुपुत्र व देश के कद्दावर नेता पंडित विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने आजादी के पहले स्वतंत्रता संग्राम में पंडित रविशंकर शुक्ल के अतुलनीय संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनकी दूरदर्शी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने और छत्तीसगढ़ के विकास की नींव रखने में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में आजादी के बाद देश की राजनीति में पंडित विद्याचरण शुक्ल के मजबूत दखल और उनके ऊंचे राजनीतिक कद को आदरपूर्वक याद किया गया। वक्ताओं ने विशेष रूप से महासमुंद से उनकी राजनीतिक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि महासमुंद की पहचान हमेशा से ही शुक्ला बंधुओं के गढ़ के रूप में रही है। इस क्षेत्र के विकास और यहां की जनता के अधिकारों की लड़ाई में शुक्ल परिवार की केंद्रीय भूमिका रही है। जिला कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी के इस संयुक्त आयोजन का संचालन मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों के बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, निखिलकांत साहू, कृष्णा चंद्राकर, भरत ठाकुर, ढेलू निषाद आदि मौजूद रहे।

# प्रेमचंद जयंती पर साहित्य की सामाजिक प्रासंगिकता पर हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज भी सामाजिक समानता, मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों और यथार्थवादी दृष्टि का सशक्त दस्तावेज है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेमचंद की रचनाओं का गंभीर अध्ययन कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.चंद्रिका चौधरी ने प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी रचनाएं भारतीय समाज की वास्तविक समस्याओं, ग्रामीण जीवन, शोषित एवं वंचित वर्ग की पीड़ा तथा मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती हैं।




उन्होंने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज भी समाज को नई दिशा देने में सक्षम है। इस अवसर पर स्नातकोत्तर हिंदी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों सहित हिंदी विभाग के भूतपूर्व छात्र दीपक भोई भी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने भी प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उनकी प्रमुख रचनाओं की समकालीन प्रासंगिकता पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में प्रेमचंद के साहित्य से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता, मानवीय संवेदना एवं नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कंचन धृतलहरे एवं आभार प्रदर्शन उजाला स्वाईं ने किया।

# सरपंच ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों के साथ बांटी खुशियां, कराया नेवता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

समाज और शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू किया गया न्योता भोज कार्यक्रम पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का एक अनूठी पहल है। यह बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ समाज को शिक्षा और बाल विकास से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जनवरी 2026 से आंगनबाड़ी केंद्रों में पालकों, दानदाताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ या पारिवारिक खुशी पर बच्चों के साथ भोजन साझा करने की परंपरा शुरू की गई है। इस पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांट रहे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं।

इसी क्रम में ब्लॉक के तोरेसिंहा सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र तोषगाँव में सरपंच ने अपने जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया गया, जहां पर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को खीर, पूड़ी, केला, चावल, दाल, मिक्चर, बिस्किट, केक एवं सब्जी जैसे पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। बच्चों ने उत्साह पूर्वक एवं खुशी-खुशी भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी दीक्षा बारीक़ ने कहा कि शासन द्वारा नेवता भोज कार्यक्रम समाज को बच्चों के भविष्य के निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। सेक्टर पर्यवेक्षक स्वरूपा भोई ने कहां आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से होते हैं। ऐसे में पौष्टिक आहार उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नेवता भोज के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक भोजन मिलता है और साथ ही समाज में यह संदेश भी जाता है कि बच्चों का विकास केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यकर्ता कस्तूरी कर, सरिता विशाल, सुभाषिनी भोई ने इस आयोजन पर सरपंच का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत तोषगांव के सरपंच द्वारा न्योता भोज कराया गया, जिसमें उनकी पत्नी पूनम रौतिया, मयंक (नमन), महिला बाल विकास सुपरवाइजर स्वरूपा भोई, सचिव अजय भोई, पंच पिताम्बर यादव, चूड़ामणि प्रधान, ग्रामीण सदस्य प्रेमानंद सतपथी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कस्तूरी कर, सरिता विशाल आदि मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम जोगीदादर में एक खेत से पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। मामले में एक आरोपी के विरूद्ध बसना थाने जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी ग्राम जोगीदादर में एक व्यक्ति अपने मामा की झोपड़ी के खेत के पास में अवैध शराब बिक्री करने हेतु छिपाकर रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसने अपना नाम हरीशचंद्र चौहान पिता रूपधर चौहान (40 वर्ष) जोगीदादर चौकी भंवरपुर होना बताया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल कीमत 3000 रुपए को बरामद किया। मामलेमें आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### दो युवकों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। नगर के पिटियाझर में दो युवकों के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड नं. 12 पिटियाझर निवासी राहुल विश्वकर्मा 31 जुलाई की रात 08.30 बजे अपने दोस्त शुभम साहू के साथ पैदल घर जा रहा था। पिटियाझर न्यू मंडी गेट राजेंद्र चंद्राकर के घर के सामने पहुंचने पर प्रेम, खिलेश और आयुष ने उन दोनों को देखकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान आयुष ने अपने पास रखे ब्लेड से शुभम साहू के दाहिने हाथ की उंगली और प्रेम ने राहुल को पास में पड़े पत्थर को उठाकर सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बरतुंगा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। बरतुंगा का नरेश निषाद एक अगस्त की रात 09 बजे दूध बेचकर घर जा रहा था, इसी दौरान गौरा चौक के पास धनीराम निषाद, अर्जुन निषाद व लीलाधर निषाद ने जमीन संबंधी विवाद को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। बागबाहरा के शांति नगर मैदान में एक युवक के साथ तीन लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा का विक्की राजपूत 1 अगस्त को बाजार पारा के एक दुकान में बैठा था। जहां शांति नगर का मेघराज दीवान ऊर्फ दादू और हरीश सागर कार पहुंचे और विक्की को काम है कहकर दीपांकर की कार में बिठाकर शांतिनगर मैदान की ओर ले गए, जहां पहले से एक अन्य युवक चांद मौजूद था। इसके बाद पैसे की लेनदेन की बात को लेकर विक्की का हरीश सागर और दादू के साथ विवाद हुआ। आरोप है कि इसके बाद तीनों मिलकर गालियां देते हुए हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट की। जब प्रार्थी वहां से भागने लगा तब तीनों उसे कार में बिठाकर ग्राम तेलीबांधा की ओर ले गए।

### मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन, दो पर कार्रवाई

महासमुंद। मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन कर रहे दो लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद में प्रखंड मंत्री के पद पर कार्यरत विकास महापात्र ने आवेदन दिया है कि 31 जुलाई की रात्रि 10.30 उसे सूचना मिली थी कि ग्राम चकरदा में गौवंशों का अवैध परिवहन हो रहा है, जिसमें एक छोटे से चार पहिया वाहन में क्रूरतापूर्वक गौवंशों को जबरदस्ती भरा गया था, मौके पर बजरंग दल की इकाई घटनास्थल में पहुंची और वाहन क्र सीजी 07 बीसी 7907 से 9 गौवंशों को बरामद किया गया। दिए गए आवेदन आरोपी उदय बंजारा ग्राम बालसी (घडघडीमुडा) और उसका सहयोगी बबलू यादव निवासी पतेरापाली के भाग निकलने की जानकारी देते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

### पीएम मोदी ने किया नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारम्भ

# युवा नशे से दूर रहकर विकसित भारत निर्माण की ओर अग्रसर हों: टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा,विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया । उन्होंने वर्चुअल रूप से जुडर देश के 28000 से अधिक स्थानों से जुड़े युवाओं को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप.शर्मा,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री ने उपस्थित युवा समूहों को नशा मुक्ति,नशा से दूर रहने तथा परिवार व समाज को नशा के दुष्परिणामों से जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस दौरान युवाओं ने नशा मुक्ति से सम्बंधित आकर्षक नाटिका की भी प्रस्तुति दी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा क्रि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिये लगातार युवाओ से आह्वान कर रहे है,नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान भी उसी की एक कड़ी है जिसके माध्यम से युवाओ को नशे के चंगुल में न पड़कर देश के बारे में सोचने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा क्रि आज के युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा क्रि नशा एक दीमक की तरह मनुष्य के जीवन को खोखला कर देता है जिससे न केवल उसका जीवन बर्बाद होता है बल्कि परिवार भी टूटकर बिखर जाता है,माता-पिता के सपने व उम्मीद समाप्त हो जाते है। उन्होंने कहा क्रि इतिहास गवाह है देश की आजादी से लेकर अब तक जितने भी आंदोलन हुए उसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है, युवा परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत 100 सप्ताह तक लगातार अनेक कार्यक्रम होंगे जिसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करें।

#### युवाओं को नशा की लत से मुक्त होना जरुरी

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा क्रि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने युवा के लिये लगातार अभियान चला रहे हैं ताकि युवा जागरूक रहे और भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा क्रि नशा एक मनुष्य के परिवार को भी नाश कर देता है। युवा नशा से दूर रहे,अच्छे विचारों और संस्कारों को ग्रहण करें। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा क्रि हमारे प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित,समृद्ध और स्वस्थ राष्ट्र का सपना देखा है और इसे पूरा करने के लिये युवाओं को नशा जैसे बुरी लत से मुक्त होना जरुरी है। उन्होंने कहा क्रि अभियान के तहत 100 सप्ताह तक खेल, कला, संस्कृति, जनजारूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें युवा अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव एसडीएम दीपक निकुंज, खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।



## शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे एवं रेनी डे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे एवं रेनी डे का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वर्षा ऋतु के महत्व से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरे रंग की आकर्षक सजावट से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने हरे रंग की वेशभूषा में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित भाषण, कविता, गीत, नृत्य एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगी छतरियों और रेनकोट के साथ रेनी डे थीम पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पौधारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी।

विद्यालय की प्राचार्या शोभा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने वर्षा ऋतु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति के संरक्षण एवं जल बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता स्मिता सोनी, अभिषेक जैन, फिरोज कुरैशी एवं मोरजध्वज साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के संकल्प के साथ हुआ।

## दानवीर स्व. दाऊ रामप्रसाद देवांगन को दी गई श्रद्धांजलि



**खरोरा**। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा के दानवीर संस्थापक स्वर्गीय दाऊ रामप्रसाद जी देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को विद्यालय परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक परिवार एवं विद्यालय परिवार, ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा शिक्षा एवं समाज के लिए किए गए अविस्मरणीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर संस्थापक परिवार की ओर से गिरीश देवांगन (पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम), ईश्वरी प्रसाद देवांगन, डॉ. महेंद्र देवांगन (शिशु रोग विशेषज्ञ), संजीव देवांगन, कस्तूरी देवांगन, लता देवांगन, कंचन देवांगन, कीर्ति देवांगन, हरीश देवांगन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, शेखर देवांगन, देव देवांगन, प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली बिल हाफ और दर वृद्धि वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में बलौदाबाजार जिला कांग्रेस के प्रभारी अशोक राज आहूजा, कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, बिलाईगढ़ विधायक, कविता प्राण लहरें, वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक कांग्रेसजनो ने बिजली बिल हाफ, बिजली बिल दर वृद्धि वापस लेने की मांग का समर्थन करते हुए विधानसभा स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक, एवं मंडल कार्यकारिणी के माध्यम से घर घर जाकर पूरे अगस्त माह तक फॉर्म भरवाए जाने एवं द्वितीय चरण में संकलित सभी फार्मों को जिला मुख्यालय के विद्युत विभाग में जमा करा पावती लेने के पश्चात संगठन इकाई के प्रत्येक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से सुनील महेश्वरी, परमेश्वर यदु, सरजू प्रसाद घृतलहरें, रामचन्द्र पटेल, खिलेंद्र वर्मा, समीर अग्रवाल, लखेश साहू, आर्यन शुक्ला, जीतेन्द्र नवरत्न, सुनील कुर्रे, सुनील साहू, वैभव केशरवानी, अमर मिश्रा, राजा तिवारी, नीलू चंदन साहू, लक्ष्मी साहू, बाबूलाल साहू, सिद्धांत मिश्रा, हेमंत दुबे, प्रवीण सेन, युधिष्ठिर नायक, दयाराम वर्मा, अमर मण्डावी, रिंकू भाटिया, दीवाकर मिश्रा वामन टिकरिया, कुलदीप सलूजा, कुलदीप सलूजा, प्रकाश ताम्रकार, नीलू चंदन साहू, पदमेश्वरी साहू, लक्ष्मी पांडेय, प्रमिला साहू, पंकज मरैया, प्रेमलता बंजारे, सुखदेव साहू, डॉ धनेश साहू, तुलसी मनहरे, राम प्रसाद वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, ओमप्रकाश यदु, नीरज बांधे, विजय कुर्रे, श्रद्धा मनीष वर्मा, डीगेश्वरी रवींद्र नामदेव, धनश्याम वर्मा, भेनु साहू, जय ठाकुर, शैलेन्द्र ध्रुव, पी के धृतलहरे, रामशंकर साहू, मोती साहू, सतीश साहू, युगल किशोर साहू, रवि शंकर बंजारे उपस्थित थे।

## 3 मेधावी छात्रों का जवाहर नवोदय और एकलव्य विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल







वनांचल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहचान बन चुके द्रोणा पब्लिक स्कूल बया के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के तीन मेधावी विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित आवासीय शिक्षण संस्थाओं जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में हुआ है।विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 5 के छात्र पर्लव विशाल (पिता बृहस्पतु सिंह विशाल) तथा छात्रा काव्या भोई (पिता रोहित कुमार भोई) का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। वहीं छात्र यशस्वी बरिहा (पिता अमरसिंह बरिहा) ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## शोकग्रस्त दो परिवारों को आर्थिक एवं आवश्यक सामग्री का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम कठिया नंबर 1 में संचालित संकट मोचन परिवार निरंतर सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। परिवार द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों को राशन, आर्थिक सहायता, कपड़े, खेलकूद एवं शिक्षा के लिए सहयोग, निर्धन परिवारों के विवाह में सहायता, दुःख-सुख के अवसरों पर सहभागिता, मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण जैसे अनेक जनहितकारी कार्य किए जा रहे हैं। इसी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चार दिन पूर्व दुर्घटना में असामयिक निधन हुए ग्राम के गोविंद निर्मलकर (28 वर्ष) के परिवार तथा भगवंतीन यादव के दशगात्र कार्यक्रम हेतु दोनों परिवारों को संकट मोचन परिवार की ओर से 5,701 - 5,701 रुपए की आर्थिक सहायता के साथ चावल, आलू एवं चने जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इस सहयोग से शोकाकुल परिवारों को संबल मिला तथा ग्रामवासियों ने संकट की घड़ी में संगठन की संवेदनशील पहल की सराहना की। संकट मोचन परिवार के इस सेवा अभियान में ईशलेश्वर वर्मा, हेमंत वर्मा, हरीश वर्मा, तिलक बघेल, उकेश बघेल, कुमार जांगड़े, डोमार वर्मा, शिव वर्मा, ललित वर्मा, दिनु वर्मा, अशोक वर्मा, प्रेम लाल साहू एवं शत्रुघ्न बघेल सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संगठन की निस्वार्थ सेवा भावना से प्रेरित होकर गांव के अनेक युवा भी लगातार इस अभियान से जुड़ रहे हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और सेवा की भावना को नई दिशा मिल रही है। इस पुनीत एवं प्रेरणादायी कार्य के लिए प्रधान पाठक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने संकट मोचन परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि समाज में सेवा और सहयोग की ऐसी पहलें दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं ।

### ग्राम पंचायत नवापारा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



ग्राम पंचायत नवापारा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से बृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, सरपंच डोमार सिंह मार्कंडेय, उपसरपंच लोकनाथ वर्मा, समस्त पंचगण, ग्राम पटेल कमलनारायण द्विवेदी, ग्राम प्रमुख बिशेषर पाल, भुनेश्वर सिंह वर्मा, हूंकेश्वर शर्मा, दुकालदास वैष्णव, अश्वनी, दिलीप वर्मा, नरेंद्र वर्मा, महिला समूहों एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक को इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प दोहराते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

